बुरहानपुर बना शत-प्रतिशत नल-जल युक्त पहला जिला

चर्चा में क्यों?

हाल ही में बुरहानपुर ज़िला जल जीवन मिशन के तहत शत-प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को उनके घर में नल कनेक्शन के ज़रिये जल उपलब्ध करवाने वाला प्रदेश का पहला ज़िला बन गया है।

प्रमुख बिंदु

- जल जीवन मिशन में प्रदेश की समूची ग्रामीण आबादी को नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने के लिये हर ज़िले में एकल अथवा समूह जल-प्रदाय योजनाओं के कार्य जारी हैं।
- लगभग पाँच लाख की ग्रामीण जनसंख्या वाले बुरहानपुर ज़िले में जल जीवन मिशन में 129 करोड़ रुपए से अधिक लागत की जल प्रदाय योजनाओं से प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक अब नल से जल पहुँच रहा है।
- ज़िले के दोनों (बुरहानपुर और खकनार) विकासखंड में 167 ग्राम पंचायतें और 254 ग्राम हैं। जल जीवन मिशन में ज़िले के सभी गाँवों के सभी परिवार के घर तक नल कनेक्शन से जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा चुकी है।
- ज़िले के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित सभी आँगनबाड़ी केंद्र और शालाओं में भी प्लेटफॉर्म बनाकर उनमें नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई है।
- मिशन की गाइडलाईन के अनुसार ज़िले के प्रत्येक ग्राम में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति गठित की गई है।
- ग्रामीण परिवारों को मिल रहे जल की गुणवत्ता की समुचित जाँच के लिये 541 महिलाओं को एफटीके से जल परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया है।
- स्व-सहायता समूह की महिलाओं के सेक्टर वाइस क्लस्टर बनाकर उन्हें जल उपभोक्ता परिवारों से जल कर राशि प्राप्त करने का दायित्व भी सौंपा गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/burhanpur-first-district-with-100-tap-water